

# हिन्दी व्याकरण

## कक्षा 1



# विषय सूची

## कक्षा - 1

## हिन्दी व्याकरण


| क्र.स. | पाठ | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | भाषा | 1-4 |
| 2 | वर्ण एवं मात्राएँ | 5-11 |
| 3 | सामान्य अशुद्धियाँ | 12-14 |
| 4 | संज्ञा | 15-18 |
| 5 | सर्वनाम | 19-21 |
| 6 | वचन | 22-24 |
| 7 | लिंग | 25-29 |
| 8 | विलोम | 30-32 |
| 9 | क्रिया | 33-35 |
| 10 | विशेषण | 36-39 |
| 11 | शब्द और वाक्य | 40-42 |
| | लेखन और अभ्यास | |
| 12 | चित्र वर्णन | 43-44 |
| 13 | अनुच्छेद लेखन | 45-48 |

**पाठ -1**

# भाषा (Language)

## देखो, पढ़ो और समझो-

**हम अपनी बात को किस तरह से प्रकट करते हैं? आओ , इसके बारे में समझें।**



मीना , गीता से कुछ पूछ रही है।



मेघा फ़ोन पर बात रही है।



मोना पत्र लिख रही है।




शिक्षिका पढ़ा रही है।

**हम लोग अपनी बात को अलग-अलग तरीके से प्रकट करते हैं। बात कहने के मुख्य दो तरीके होते हैं - १.बोलकर २.लिखकर ।**

**जब हम बोलकर अपनी बात कहते हैं , तो यह भाषा का मौखिक रूप कहलाता हैं।**

**जब हम लिखकर अपनी बात कहते हैं , तो यह भाषा का लिखित रूप कहलाता हैं।**



### क्या आप जानते हैं ?

**बोलते या लिखते समय हम लोग किसी -न -किसी भाषा का प्रयोग करते हैं।**

कुछ लोग अपनी बात इशारों से भी करते हैं । यह **संकेत भाषा** है। जैसे- चौराहे पर खड़ा सिपाही हाथ से आने - जाने वालों को संकेत कर रहा है ।





शिक्षक मुँह पर उंगली रखकर बच्चों को चुप रहने के लिए इशारा कर रहे हैं ।



**अब हम समझ गए -**

- ❖ जब हम बोलकर अपनी बात कहते हैं, तो यह मौखिक भाषा होती है।
- ❖ जब हम लिखकर अपनी बात कहते हैं,तो यह लिखित भाषा होती है।
- ❖ कुछ लोग अपनी बात इशारों से कहते हैं। इसे संकेत भाषा कहते हैं।

## आओ,जाने हमने क्या सीखा ?

**प्रश्न १.भाषा के कौन-कौन से दो रूप हैं ?**

क. ..............................................................................................................

ख. ..............................................................................................................

**प्रश्न २. तुम किस भाषा में बातें करते हो ?**

क. ..............................................................................................................

ख. ..............................................................................................................

**४ चित्र देखकर भाषा के रूप लिखो -**



......................................................................................



......................................................................................



......................................................................................

**५. चित्रों में भाषा के किस रूप का प्रयोग हो रहा हैं, सही भाषा पर सही का निशान लगाइए-**



**क. मैं अपने मित्र को पत्र लिख रहा हूँ ।**

**लिखित** ☐

**मौखिक** ☐



**ख. नेहा और शीतल बातें कर रही हैं।**

**लिखित** ☐

**मौखिक** ☐



**शिक्षिका पढ़ा रही है ।**

**लिखित** ☐

**मौखिक** ☐

**पाठ -2**

## वर्ण एवं मात्राएँ (Letters and Vowels)

वर्णमाला -: हिंदी भाषा में वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

परिभाषा -: भाषा की सबसे छोटी इकाई को ध्वनियाँ (वर्ण) कहते हैं।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं

१. स्वर(Vowels)

२.व्यंजन(Consonants)



## स्वर

अ आ इ ई उ

ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

अं अः



# व्यंजन




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |
| क्ष | त्र | ज्ञ | | |



**अब हम समझ गए**

- भाषा की सबसे छोटी इकाई को ध्वनि या 'वर्ण' कहते हैं।
- वर्णों को 'अक्षर' भी कहते हैं।
- जिन वर्णों को बिना रुकावट के बोला जाता है, उन्हें 'स्वर' कहते हैं।
- वह वर्णों का समूह जिसे बोलने के लिए स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है , उन्हें 'व्यंजन' कहते हैं।
- वर्णों के व्यवस्थित समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।
- हिंदी भाषा में 11 'स्वर' होते हैं, और 33 'व्यंजन' होते हैं

## स्वरों की मात्राएँ
## (Sign of Vowels)

| स्वर | मात्रा | व्यंजन + मात्रा | मात्रा युक्त शब्द | चित्र |
|---|---|---|---|---|
| अ | — | क् + अ = क | कमल |  |
| आ | ा | अ + ा = आ | आम |  |
| इ | ि | क् + ि = कि | किताब |  |
| ई | ी | ल् + ी = ली | मछली |  |
| उ | ु | छ् + ु = छु | कछुआ |  |
| ऊ | ू | फ् + ू = फू | फूल |  |
| ऋ | ृ | व् + ृ = वृ | वृक्ष |  |
| ए | े | स् + े = से | सेब |  |
| ऐ | ै | थ् + ै = थै | थैला |  |
| ओ | ो | म् + ो = मो | मोर |  |
| औ | ौ | क् + ौ = कौ | कौआ |  |

# बिंदु ( ं ) और चंद्रबिंदु ( ँ )
# (Anuswar & Anunasik)




बच्चों! यह बिंदु का चिह्न है - ( ं ); इसे 'अनुस्वार' भी कहते हैं।
यह चंद्रबिंदु का चिह्न है - ( ँ );इसे 'अनुनासिक' भी कहते हैं।


## पढ़िए और समझिए –



पतंग



आँख



बंदर



चाँद



घंटा



दाँत

## आओ जानें, आपने क्या सीखा

### १. चित्रों को उनके सही नाम से मिलाइए -

नल



आम



हिरण




कमीज़



कछुआ



फूल



खरगोश



औरत



## २. चित्र देखिए और चित्रों के नीचे उनके नाम भी लिखिए-





.............................................................

.............................................................





.............................................................


.............................................................





.............................................................

.............................................................





.............................................................

.............................................................

### ३.वर्णों पर लगी मात्राएँ लिखिए-

| | | |
|---|---|---|
| मोर | → | |
| बाल | → | |
| खेल | → | |
| गुण | → | |
| मृग | → | |
| कौन | → | |
| जिधर | → | |
| औरत | → | |
| कमीज़ | → | |
| दान | → | |
| कृपा | → | |
| थैला | → | |
| पौधा | → | |

पाठ - 3

## सामान्य अशुद्धियाँ (Common Inaccuracies)

बच्चों ! अशुद्धि का मतलब है - कुछ गलत या त्रुटि, अशुद्धियाँ कई तरह की हो सकती है, जैसे - वाक्यों में सही शब्दों की जगह उनके जैसे लगने वाले वर्णों एवं शब्दों का इस्तेमाल करना, वर्तनी की अशुद्धियाँ, विदेशी शब्दों में गलतियाँ करना आदि सम्मिलित हैं।

### अशुद्धियों के कुछ कारण-

- वर्णों का अशुद्ध उच्चारण।
- मात्राओं का भ्रम।
- वाक्य में लिंग संबंधी अशुद्धि।

आइए,चित्रों के माध्यम से समझते हैं-

**वर्णों के अशुद्ध उच्चारण-**



वीना - वीणा



सक्कर - शक्कर

**मात्राओं का भ्रम**



ओरत - औरत



सांप - साँप

## वाक्य में लिंग संबंधी अशुद्धि





वह जोर से हँसाता है (अशुद्ध)

वह जोर से हँसती है।(शुद्ध)

उसने मीठी दही खाई। (अशुद्ध)

उसने मीठा दही खाया। (शुद्ध)

**परिभाषा** - वर्ण, मात्राओं एवं वाक्यों में होने वाली गलती को हिंदी भाषा में सामान्य अशुद्धि कहा जाता है।

### आइए कुछ अन्य शब्दों को पढ़कर समझें-

| | | |
|---|---|---|
| अनुकुल = अनुकूल | पूण्य = पुण्य | उँचाई = ऊँचाई |
| पुज्य = पूज्य | प्रतिकुल = प्रतिकूल | उपर = ऊपर |
| बुढा = बूढ़ा | सर्य = सूर्य | हिंदु = हिंदू |

1. उसने मीठी दही खाई। (अशुद्ध)

   उसने मीठा दही खाया। (शुद्ध)
2. लड़कों ने मैच देखी। (अशुद्ध)

   लड़कों ने मैच देखा। (शुद्ध)
3. वह विद्वान महिला है। (अशुद्ध)

   वह विदुषी महिला है। (शुद्ध)
4. उसने करवट बदला। (अशुद्ध)

   उसने करवट बदली। (शुद्ध)



**अब हम समझ गए -**

- **भाषा के लेखन या उच्चारण में होने वाली गलतियों को अशुद्धियाँ कहते हैं।**
- **कुछ अशुद्धियाँ व्यंजनों तथा संयुक्ताक्षरों एवं मात्राओं के अशुद्ध उच्चारण के कारण भी होती हैं।**

## आओ , जाने हमने क्या सीखा ?

**१. अशुद्धि किसे कहते हैं?**

.......................................................................................

**२. निम्नलिखित वाक्यों मे उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए -**

- आजकल ...............बहुत खराब है । (ज़माना / जमना)
- पूरे कमरे को............... दो । (सजा / साजा)
- ............... चीनी तो देना (जरा / जारा)
- माँ दही ...............भूल गई । (जमाना / जमना)
- दोषी को ............... दी गई। (साजा / सज़ा)
- महात्मा के चेहरे पर ...............था । (तेज़ / तज)

**३. सही शब्द पर गोला लगाइए -**

| | | |
|---|---|---|
| ➢ परोक्षा | परीक्षा | परिक्षा |
| ➢ ग्रहकारी | ग्रहकार्य | गृहकर |
| ➢ प्रकृति | प्रकटी | प्रकरत |
| ➢ तर्क | ट्रक | ट्राक |
| ➢ तिथि | तीठी | तिथ |
| ➢ धर्म | धरम | धर |
| ➢ दोका | धोखा | धोख |
| ➢ स्वस्थ | स्व्थ | स्वस्त |
| ➢ मिठाई | मिटाई | मिथाई |
| ➢ आशीर्वाद | अशीवाद | आश्रिवाद |

पाठ 4

# संज्ञा (**Noun**)

बच्चों ! प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु, प्राणी व स्थान का कुछ न कुछ नाम अवश्य होता है, जिससे उसकी पहचान होती है। अतः नाम बताने वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं।

परिभाषा – किसी भी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

देखो, पढ़ो और समझो


## प्राणियों के नाम



लड़का।




विद्यालय



मोर




शेर

## वस्तुओं के नाम



कम्प्यूटर



बस



पुस्तक



आम

## स्थानों के नाम






उपवन | ताजमहल (आगरा) | चिड़ियाघर

## भावों के नाम






बारिश | सुंदरता | दुः खी | मेहनती

आपने पढ़ा हर किसी का अपना–अपना नाम होता है।

## आओ, अन्य नाम भी जानें

## दिनों के नाम

रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार

## महीनों के नाम

जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर।


## अब हम समझ गए –

- आपने सीखा कि दुनिया में जितनी भी चीजें हैं, उन सबका कोई–न–कोई नाम अवश्य होता है।
- व्यक्तियों के नाम, वस्तुओं के नाम, स्थानों के नाम को संज्ञा कहते हैं।

## आओ, जाने हमने क्या सीखा ?

१. चित्र पहचानकर पशु पक्षियों के नाम लिखिए –







........................................ ...................................... .......................................... . .........................
.

२. चित्र पहचानकर पेड़ों के नाम लिखिए –






................................. ................................. ................................. .................................

**३**. दिए गए शब्दों में से निम्नलिखित संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए –

आगरा, पेंसिल, राम, केरल, पेन, पुस्तक, रमेश, मिठास, सफलता, सुंगध, पार्क, सुंदरता, आयुष, घड़ी, जम्मू, नेहा

| व्यक्तियों के नाम | स्थानों के नाम |
| --- | --- |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |

| वस्तुओं के नाम | भावों के नाम |
| --- | --- |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |

**४**. सही उत्तर के सामने (✔) का निशान लगाइए –

(क) संज्ञा कहते हैं –

1. वस्तु को ☐ 2. स्थान को ☐

3. प्राणी को ☐ 4. इन सभी को ☐

(ख) व्यक्ति का नाम है –

1. राम ☐ 2. सेना ☐

3. व्यक्ति ☐ 4. जंगल ☐

**पाठ 5**

## सर्वनाम (Pronoun)

**बच्चों! वाक्यों में कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो नाम के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं।**



**जैसे - श्याम मेरा मित्र है।**

**वह ईमानदार है ।**

**उसके माता-पिता को मैं जानता हूँ।**

**उसकी एक बहन है, जिसका नाम मीना है।**

**परिभाषा:- जब नाम के स्थान पर दूसरे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। वह शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं।**

**यह सर्वनाम शब्द हैं ; जैसे - मैं, मेरी, आप, मेरा ,अपना, तुम आदि।**

| | | |
|---|---|---|
| **अपने लिए** | - | **मैं ,हम, मेरा आदि।** |
| **दूसरों के लिए** | - | **वह, वे, यह ,ये आदि।** |
| **अपने से छोटों के लिए** | - | **तुम, तुम्हें, तुम्हारा, आदि ।** |
| **अपने से बड़ों के लिए** | - | **आपने ,आपको, आप ,आपका आदि।** |

## आओ, चित्रों से समझें -



हम दौड़ रहे हैं।



मैं स्कूल जा रहा हूँ।



यह मेरा पालतू कुत्ता हैं।



वे पढ़ रहे हैं।

**अब हम समझ गए**

- नाम की जगह जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं, उन्हें सर्वनाम कहा जाता हैं।
- अपने लिए - मैं, अपने से छोटों के लिए - तुम, अपने से बड़ों के लिए- आप, आपका प्रयोग किया जाता हैं।

## आओ, जाने हमने क्या सीखा ?

१. सर्वनाम किसे कहते हैं?

..........................................................................................................

**२. आपको अपने लिए बताना हो तो किन शब्दों का उपयोग करोगे?**

**...........................................................................................................**

**३. सही सर्वनाम शब्द चुनिए-**

**1. रवि ...................... (मेरा / उसने) मित्र है।**

**2. ...................... (वह / उसका) ठीक समय पर विद्यालय जाता है।**

**3. अध्यापक ...................... (उसने / उसे) प्यार करते है।**

**4. ...................... (उसके / वह) पिता इंजीनियर है।**

**5. ...................... (मैं / उसकी) माँ डॉक्टर है।**

**6. ...................... (उन्होंने / उसका) घर बहुत बड़ा है।**

**7. ...................... (हम / तुम) कल दिल्ली जाएँगे।**

**8. अभी...................... (मुझे / उसने) बाजार जाना है।**

**9. ...................... (उसका / मैं) सिनेमा देख रहा हूँ।**

**10. ...................... (तुम / हम) क्या कर रहे हो ?**

पाठ- 6

# वचन


**चित्र देखिए और उनके नीचे लिखे शब्द पढ़िए -**




लड़का



लड़के



पुस्तक



पुस्तकें



पत्ता



पत्ते



तितली



तितलियाँ

**परिभाषा - एक या एक से अधिक का ज्ञान करने वाले शब्द वचन कहलाते हैं।**

## वचन के दो भेद होते हैं

एकवचन-: शब्दों के जिस रूप से किसी भी व्यक्ति या वस्तु के एक होने का पता चलता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं।

बहुवचन-: शब्दों के जिस रूप से किसी भी व्यक्ति या वस्तु के एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे 'बहुवचन'कहते हैं।

## हमने सीखा

- एक को एकवचन कहेंगे ।
- एक से अधिक को बहुवचन कहेंगे।

## आओ जानें ,आपने क्या सीखा?



प्रश्न १.वचन किसे कहते हैं ?

..........................................................................

प्रश्न २.वचन के कितने भेद होते हैं? नाम लिखो।

..........................................................................

३. चित्र देखकर लिखिए ,एकवचन या बहुवचन-

............ ......... ........... .............. ............

४. इन शब्दों के एकवचन और बहुवचन के सही जोड़े बनाकर लिखें–

किताब, कविता, कवितायें, बच्चा, थालियाँ, किताबें बच्चे, दवाई, मटका, दवाईयाँ, मटके, थाली

| | |
|---|---|
| .................................................. | .................................................. |
| .................................................. | .................................................. |
| .................................................. | .................................................. |
| .................................................. | .................................................. |
| .................................................. | .................................................. |

पाठ - 7

## लिंग (Gender)

बच्चों ! शब्दों का वह रूप जिससे हमें उसके स्त्री या पुरुष होने का पता चलता है, उसे 'लिंग'कहते हैं।

### परिभाषा

शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी के स्त्री या पुरुष होने का पता चलता है, उसे 'लिंग' कहते हैं।

### लिंग के भेद

लिंग के दो भेद होते हैं।

१. पुल्लिंग -: पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को 'पुल्लिंग' कहते हैं।


२. स्त्रीलिंग -: स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को 'स्त्रीलिंग' कहते हैं।



पुल्लिंग



स्त्रीलिंग




पुल्लिंग




स्त्रीलिंग




मोर



मोरनी




बैल



गाय

सभी नाम में पुरुष - स्त्री होते हैं। जैसे -

- दादा - दादी
- पिता - माता
- चाचा -चाचा
- नाना -नानी
- मामा -मामी
- मौसा- मौसी
- भाई- बहन
- छात्र-छात्रा
- राजा -रानी



जानवरों के नाम में भी नर और मादा होते हैं। जैसे

- शेर -शेरनी
- मुर्गा -मुर्गी
- बैल- गाय
- बकरा -बकरी
- मोर -मोरनी
- घोड़ा -घोड़ी
- चूहा -चुहिया
- हाथी -हथिनी
- बैल -गाय



## अब हम समझ गए-

- शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी के स्त्री या पुरुष होने का पता चलता है, उसे 'लिंग' कहते हैं।
- लिंग के दो भेद होते हैं – पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग।
- पुल्लिंग से पुरुष जाति का पता चलता है। जैसे – मोर, राजा, शेर आदि। स्त्रीलिंग से स्त्री जाति का पता चलता है। जैसे - मोरनी, शेरनी, लड़की आदि ।

## आओ, जानें हमने क्या सीखा ?

१. लिंग किसे कहते हैं ?

.................................................................................................

२. लिंग के कितने भेद होते हैं?

.................................................................................................

## ३. उचित  मिलान कीजिए -



लड़का



मोर



दादा



मुर्गी



शेर



लड़की



चूहा



दादी



शेरनी



मुर्गा



चुहिया

४. चित्र को पहचानिए और उनके लिंग लिखिए-





............................ ............................





......................... .........................

**पाठ -8**

## विलोम शब्द ( Antonyms)

**चित्रों को ध्यान से देखिए , शब्दों को पढ़िए और समझिए-**




**आपने देखा! कि एक ही तरह के दो चित्र एक दूसरे से विपरीत है। विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द 'विलोम शब्द' कहलाते हैं।**

**परिभाषा -: एक दूसरे से उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द 'विलोम शब्द' कहलाते हैं।**

**बच्चों! विलोम का अर्थ होता है- उल्टा**

आओ, ऐसे कुछ शब्दों को पढ़ते हैं।

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| दिन | रात |
| ऊपर | नीचे |
| आना | जाना |
| मोटा | पतला |
| काला | सफेद |
| बड़ा | छोटा |
| आज | कल |
| गर्मी | सर्दी |
| हँसना | रोना |
| सुबह | शाम |
| कच्चा | पक्का |
| आगे | पीछे |
| ठंडा | गरम |
| अंदर | बाहर |
| सोना | जागना |

**अब हम समझ गए**

- ❖ कुछ शब्द एक दूसरे का उल्टा अर्थ बताते हैं।
- ❖ जो शब्द उल्टा अर्थ देते हैं उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

**आओ, जाने हमने क्या सीखा ?**

१. विलोम शब्द किसे कहते हैं?

..................................................................................................................................

## २. चित्र देखकर सही विलोम शब्द पर ✔ का निशान लगाइए-



लंबा / छोटा



दिन / रात



मीठा/ कड़वा



मोटा / पतला



ठंडा / गरम



हँसना/ रोना

## ३. विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काला | - | ........................... | अपना | - | ........................... |
| जाना | - | ........................... | कठिन | - | ........................... |
| ऊपर | - | ........................... | गरीब | - | ........................... |

पाठ-9

# क्रिया (verb)

**देखो ,पढ़ो और समझो-**



माता जी **खाना बना रही हैं।**



रोहन खाना **खा रहा है।**



मीना **रो रही है।**



रीना **नाच रही है।**



शिक्षिका **पढ़ा रही हैं।**



रोहन और रीता **पढ़ रहे हैं।**

बच्चों! आपने देखा कि ऊपर दिए गए चित्रों में सभी कोई ना कोई काम कर रहे हैं। जब हमें वाक्यों में किसी काम के होने या करने का पता चले तब ऐसे शब्द **'क्रिया'** कहलाते हैं।

**परिभाषा** -: शब्दों के जिस रूप से किसी काम के करने या होने का बोध होता है , उसे **'क्रिया'** कहते हैं।

कुछ अन्य क्रिया शब्द इस प्रकार हैं-

खाना, खेलना , चलना, दौड़ना, गाना, नहाना, सोना, पढ़ना, धोना, बोलना, चलना और लड़ना आदि ।

## अब हम समझ गए

- क्रिया शब्दों से काम करने या होने का पता चलता है।
- क्रिया शब्द अधिकतर वाक्य के अंत में आते हैं।

## आओ, जाने हमने क्या सीखा

१. क्रिया शब्दों पर ✔ का निशान लगाओ -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. गिरना ☐ | खेल ☐ | मस्ती ☐ | गुड़िया ☐ |
| 2. बादल ☐ | आकाश ☐ | बरसना ☐ | बारिश ☐ |
| 3. खाली ☐ | रखना ☐ | कलम ☐ | चम्मच ☐ |
| 4. टेबल ☐ | कुर्सी ☐ | सीखना ☐ | अक्षर ☐ |
| 5. खेलना ☐ | हाथी ☐ | नदी ☐ | खिलौना ☐ |
| 6. लड़की ☐ | मिलना ☐ | रबड़ ☐ | दिन ☐ |
| 7. दौड़ना ☐ | घोड़ा ☐ | चिराग ☐ | थाली ☐ |

२. क्रिया शब्द को रेखांकित कीजिए -



क. राहुल गेंद से खेल रहा है ।

ख. माँ खाना बना रही है ।



ग. घोड़ा दौड़ रहा है ।


घ. बारिश हो रही है ।



च. हाथी रास्ते से जा रहा है ।

छ. रिया पढ़ाई कर रही है ।

ज. दादी गुड़िया को खाना खिला रही है ।







३. क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए -

सोना - .......................................................................................

चढ़ना - .......................................................................................

उछलना - .......................................................................................


नाचना - .......................................................................................

पढ़ना - .......................................................................................

पाठ 10

## विशेषण (Adjective)


**चित्र को देखते हुए चूहा और बिल्ली के बीच हुई बातचीत पढ़िए।**




**इन वाक्यों में आए रंगीन शब्द बहुत छोटे से, नन्हें से, बहुत मुलायम, बड़ी प्यारी, अकेले, बहुत सुंदर, आकर्षक, मीठा-मीठा, बोलने वाली, बड़ी चालाक, दुष्ट आदि शब्द चूहा और बिल्ली की विशेषता बता रहे हैं। यह शब्द 'विशेषण' हैं।**

**परिभाषा -: संज्ञा व सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को 'विशेषण' कहते हैं।**

**आओ अन्य विशेषण शब्दों को समझें-**



**आओ, चित्रों के माध्यम से समझे-**

## कौन - कैसा? और कौन कितना?



**आइसक्रीम कैसी? - ठंडी**



**कितने बच्चे?- आठ**



**फ्रॉक का रंग कैसा?-नीला**



**कितने पत्ते?- तीन**



**पत्ता कैसा? –हरा**



**हाथी कैसा ?- बड़ा, चूहा कैसा?-छोटा**

**अब हम समझ गए -**

- **हमारे आसपास जो भी चीज़ें हैं, उन सबमें कुछ - न- कुछ विशेषताएँ होती हैं।**
- **विशेषता बताने वाले शब्द ' विशेषण' कहलाते हैं।**
- **विशेषता सभी रूप में हो सकती है, जैसे - गुण ,दोष, आकार, दशा, संख्या, रंग आदि।**

**आओ, जाने हमने क्या सीखा ?**

**१. विशेषण किसे कहते हैं?**

.........................................................................

**२. आकार बताने वाले दो विशेषण शब्द लिखिए-**

.........................................................................

**३. रंग बताने वाले दो विशेषण शब्द लिखिए -**

.........................................................................

**४ खाली जगह में उचित विशेषण शब्द लिखिए-**



**गेंद का रंग कैसा? ..................**

.................. गुलाब ।





..................लोमड़ी ।

..................राजा।





..................बच्चा।



..................लड़का।



..................लड़का।

..................छात्र।



| |
|---|
| बुरा, मोटा, लंबा, गरीब, पीला, चालाक, दयालु, लाल |

५. उचित मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| मीठा | डिब्बा |
| लाल | आम |
| अच्छा | केले |
| तीन | सेब |
| खाली | लड़का |

पाठ -11

## शब्द और वाक्य (Words and sentences)

बच्चों ! वर्णमाला के वर्णों को मिलाकर शब्द बनाए जाते हैं। हर शब्द का कोई – न - कोई अर्थ होता है।

जैसे: फूल, त्रिशूल, बगीचा आदि।

यदि हम लूफ, लशूत्र , गीचाबा लिखे तो उसका कोई अर्थ नहीं निकलेगा। इसलिए शब्द बनाते समय सही वर्णों का सही जगह पर प्रयोग करना चाहिए।

अतः शब्द निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि:-

1. वर्णों का समूह होना चाहिए।

2. उसका कोई निश्चित अर्थ निकलना चाहिए।

परिभाषा-:वर्णों के उस मेल को शब्द कहते हैं, जिसका कोई अर्थ निकल कर आए।

शब्द निर्माण को उदाहरण के द्‌वारा समझ सकते हैं:

- ग+ग+न = गगन
- कु+सु+म = कुसुम
- नी+र = नीर

### वाक्य निर्माण

शब्दों के सही मेल से वाक्य बनते हैं। बातचीत करते और लिखते समय हम वाक्यों का प्रयोग करते हैं।

वाक्य बनाते समय शब्दों का सही जगह प्रयोग करना आवश्यक है। जैसे

**उदाहरण:**





बच्चे पढ़ रहे हैं।　　　　मैं स्कूल जाती हूँ।

वाक्य कैसे बनते हैं, इसको निम्न उदाहरण से समझ सकते हैं।

1. मोहन + खाना + बनाता + है।　　　　मोहन खाना बनाता है।
2. बच्चे + पढ़ + रहे + हैं।　　　　बच्चे पढ़ रहे हैं।

**सार्थक शब्द**

जिस शब्द का स्पष्ट अर्थ निकलता है उसे सार्थक शब्द कहते हैं।

**निरर्थक शब्द**

जिस शब्द का कोई अर्थ नहीं निकलता उसे निरर्थक शब्द कहते हैं।

**अब हम समझ गए -**

1. दो अथवा दो से अधिक वर्णों के मेल से शब्द बनते है।
2. शब्दों के सही मेल से वाक्य बनते हैं।

**आओ, जाने हमने क्या सीखा ?**

१. शब्द किसे कहते हैं?

.....................................................................................

.....................................................................................

२.वाक्य किसे कहते हैं?

..............................................................................................

..............................................................................................

३ सार्थक शब्द किसे कहते हैं?

..............................................................................................


..............................................................................................

४. निरर्थक शब्द किसे कहते हैं?

..............................................................................................

..............................................................................................

५. दिए गए वर्ण को जोड़कर शब्द बनाओ -




.........................................

.........................................


.........................................

.........................................

.........................................

.........................................

.........................................




.........................................

.........................................

.........................................

.........................................

.........................................

.........................................

.........................................

**पाठ- 12**

## चित्र वर्णन (picture composition)

बच्चों! कहानी की तरह चित्र लेखन भी एक कला है। इसमें चित्रों को देखकर उसका वर्णन अपने शब्दों में लिखा जाता है, इसे चित्र लेखन कहते हैं। जैसे:-

पहले चित्र में-



**सुबह हो गई है ।**

**सूरज निकल आया है।**

**मीना उठ गई है।**



दूसरे चित्र में-

**मीना विद्यालय जाने के लिए तैयार हो रही है।**

तीसरे चित्र में -

**मीना तैयार होकर विद्यालय जा रही है।**



## आओ जानें ,आपने क्या सीखा?

**१ . चित्र को देखते हुए नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य को पूरा कीजिए-:**

**(सफ़ेद, कुत्ता, प्रतिदिन, मोती, भौंकने)**



**१. यह मेरा .......... है।**

**२. इसका नाम .......... है।**

**३. यह .......... रंग का है।**

**४. मैं इसे .......... बाहर घूमने ले जाती हूँ।**

**५. यह किसी भी अनजान व्यक्ति को देखकर .......... लगता है।**

**२. नीचे दिए गए चित्र को देखकर अपने शब्दों में पाँच वाक्य लिखिए-**



**१. ..........................................................................................**

**२. ..........................................................................................**

**३. ..........................................................................................**

**४. ..........................................................................................**

**५. ..........................................................................................**

पाठ - 13

## अनुच्छेद लेखन (Paragraph Writing)

### १. मेरा परिचय



१. मेरा नाम रिया शर्मा है।

२. मैं 6 साल की हूँ और जबलपुर में रहती हूँ।

३. मेरे दो बड़े भाई हैं और मैं अपने परिवार में सबसे छोटी हूँ।

४. मेरे पिता जी डॉक्टर हैं और मेरी माता जी विद्यालय में शिक्षिका हैं।

५. मैं कक्षा पहली में पढ़ती हूँ। मुझे हर दिन विद्यालय जाना बहुत पसंद है।

६. मुझे संगीत सुनना पसंद है।


७. मुझे रात को आकाश में तारे देखने में आनंद आता है।

### २. मेरा विद्यालय




- मेरा विद्यालय मेरे घर के बहुत नजदीक है।
- मेरा विद्यालय का भवन सुन्दर है।
- मेरे विद्यालय में एक बड़ा खेल का मैदान है।
- विद्यालय में मेरे बहुत सारे मित्र हैं।
- मेरे विद्यालय के शिक्षक बहुत कर्मठ हैं।
- हम अपने विद्यालय में सभी त्यौहार मनाते हैं।
- हम विद्यालय के पुस्तकालय में किताबें पढ़ते हैं।
- हम हर सप्ताह विद्यालय में कई खेल खेलते हैं।
- मुझे विद्यालय जाना बहुत पसंद है क्योंकि मैं हर दिन नई चीजें सीखता हूँ।

## ३. मेरी पसंदीदा पुस्तक



- किताबें पढ़ना एक अच्छी आदत मानी जाती है।
- पुस्तकें हमारी सोचने की क्षमता को बढ़ाती है।
- मेरी पसंदीदा पुस्तक बाल भारती है।
- इस पुस्तक में कई कहानी लिखी है।
- मैं हर दिन एक कहानी पढ़ता/पढ़ती हूँ।
- इस पुस्तक में सुन्दर चित्र भी बनें हैं।
- कहानी मेरी कल्पना को बढ़ाती है।
- मुझे किताबें पढ़ना बहुत पसंद है और मैं अन्य प्रकार की किताबें भी पढ़ना चाहती हूँ।



## ४. मेरा बगीचा



- मेरे घर के सामने एक छोटा सा सुन्दर बगीचा है।
- मेरे बगीचे में बहुत सारे फूल लगे हैं।
- मेरे दादाजी को बागवानी का शौक है।
- पौधों को प्रतिदिन पानी देना चाहिए।
- मैं हर शाम बगीचे में खेलता/ खेलती हूँ।
- मेरा पसंदीदा फूल गुलाब है।
- मेरे बगीचे में एक सेब का पेड़ है जो मीठे फल देता है।
- बागवानी मेरा पसंदीदा शौक है।
- मैं अपने बगीचे में समय बिताना पसंद करता/करती हूँ।

## आओ, जाने आपने क्या सीखा ?

### १. मेरा घर



| |
|---|
| **बड़ा, सुंदर, अच्छा, कमरे, रंग, दीवार, पौधे, दरवाजे, खिड़की, आँगन** |

दिए गए शब्दों से दस वाक्य बनाइये-

१. ..........................................................................................

२. ..........................................................................................

३. ..........................................................................................

४. ..........................................................................................

५. ..........................................................................................

६. ..........................................................................................

७. ..........................................................................................

८. ..........................................................................................

९. ..........................................................................................

१०. ........................................................................................

# मेरा दोस्त



| नाम, सुंदर, घर, साथ-साथ, खेलना, स्कूल, खाना, मनपसंद, खिलौना |
| --- |

**दिये गए शब्दों से १० वाक्य बनाइए -**

1. ..............................................................................................
2. ..............................................................................................
3. ..............................................................................................
4. ..............................................................................................
5. ..............................................................................................
6. ..............................................................................................
7. ..............................................................................................
8. ..............................................................................................
9. ..............................................................................................
10. ............................................................................................